

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

## अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com   Bharat samman   भारत सम्मान NEWS   Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-159 — अम्बिकापुर, सोमवार, 04 दिसम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पलट दी बाजी,खिल उठे 53 कमल

## भाजपा ने मनाई दिवाली, कांग्रेस में मातम, उप मुख्यमंत्री सिंहदेव, सहित 8 मंत्री हारे, नेता प्रतिपक्ष भी पराजित



### सीएम भूपेश बघेल ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, भाजपा को दी जीत की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. इस दौरान सीएम बघेल ने राज्यपाल से चर्चा भी की. राजभवन से बाहर आने के बाद भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि हम हार की समीक्षा करेंगे, जो जनादेश है, उसको स्वीकार करेंगे. भाजपा को जीत की बधाई. भूपेश बघेल ने कहा मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है. 5 साल पहले जनादेश हमें मिला था और बहुत ईमानदारी से हमने सेवा की. अभी जो जनादेश मिला है, उसका हम सम्मान करते हैं. हम लोग क्योंकि अब विपक्ष में हैं तो सकारात्मक विपक्ष की भूमिका हम निभाएंगे. भूपेश बघेल ने कहा अब समीक्षा करने से पता चलेगा, लेकिन जो जनादेश मिला है उसका हम सम्मान करते हैं. जिस छत्तीसगढ़ियावाद को लेकर आप लोग आगे बढ़े थे और सारी चीजों पर लेकिन उस पर भी सफलता नहीं मिल पाई है. अभी जनादेश भाजपा को मिला है और मैं उनको बधाई देता हूं.




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तमाम पूर्वानुमानों को ध्वस्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत से जीत हासिल कर ली। भाजपा ने 53 सीट जीतीं जबकि पिछले चुनाव में 68 सीटें जीतने वाली कांग्रेस महज 35 सीट पर थम गई। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी अपना खाता खोलते हुए पाली-तानखार से जीत दर्ज की है साथ ही बहुजन समाज पार्टी ने भी एक सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं इस चुनाव में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, मंत्री मोहम्मद अकबर, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत,शिव डहरिया,रविन्द्र चौबे,ताम्रध्वज साहू तथा जयसिंह अग्रवाल चुनाव हार गए। भाजपा की ओर से चुनाव हारने वाले दिग्गजों में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय,पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर शामिल हैं। भाजपा ने सरगुजा और बस्तर संभाग में जबरदस्त जीत हासिल की। रायपुर जिले की सीटों पर भी भाजपा का वर्चस्व स्थापित हुआ है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दीवाली मनाई जा रही है तो कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सन्नाटा पसरा हुआ है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, चुनाव सह प्रभारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, संगठन सह प्रभारी नितिन नबीन आज दोपहर बाद विशेष विमान से रायपुर पहुंच गए। सुबह आरंभिक रुझान कांग्रेस की बढ़त के साथ शुरू हुए थे लेकिन दोपहर तक भाजपा ने बाजी पलटने का संकेत दिया और इसके बाद आगे बढ़ती चली गई। शाम तक भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। कई सीटों पर भारी कशमकश की स्थिति रही। रायपुर की सभी सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है।

देर शाम तक मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के अरूण साव ने लोरमी से कांग्रेस के थानेश्वर साहू को 45,891 मतों से हराया। रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास को 67,851 मतों से हराया। रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस को कुलदीप जुनेजा को 23054 मतो से हराया। कवर्धा से विजय शर्मा ने कांग्रेस के मोहम्मद अकबर को 39,665 मतो से हराया। पत्थलगांव से गोमती साय ने कांग्रेस के रामपुकार सिंह को मात्र 255 मतो से हराया। तथा भरतपुर-सोनहत से केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणूका सिंह ने कांग्रेस के गुलाव कमरो को 4749 मतो से हराया। भाजपा के विजेता भरतपुर सोनहत से रेणुका सिंह, मनेन्द्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल, बैकुण्ठपुर भैय्यालाल राजवाड़े, प्रेमनगर भुलन सिंह मरावी, भटगांव लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर शकुंतला सिंह पोर्ते, रामानुजगंज रामविचार नेताम, सामरी उधेश्वरी पैकरा, लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, अम्बिकापुर राजेश अग्रवाल, सीतापुर रामकुमार टोप्पो, जशपुर रायमुनी भगत, कुनकुरी विष्णुदेव साय, पत्थलगांव गोमती साय, रायगढ़ ओमप्रकाश चौधरी, कोरबा लखनलाल देवांगन, कटघोरा प्रेमचंद पटेल, मरवाही प्रणय कुमार मरपच्ची, लोरमी अरूण साव, मुंगेली पुन्नुलाल मोहले, तखतपुर धर्मजीत सिंह, बिलासपुर अमरअग्रवाल, बेलतरा शुशांत शुक्ला, बसना संपत अग्रवाल, धरसींवा अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, रायपुर पश्चिम राजेश मुणत, रायपुर दक्षिण बृजमोहन अग्रवाल, आरंग गुरू खुशवंत साहेब, अभनपुर इंद्रकुमार साहू, राजिम रोहित साहू, कुरूद अजय चन्द्राकर, दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, वैशालीनगर रिकेश सेन, अहिरवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा ईश्वर साहू, बेमेतरा दीपेश साहू, नवागढ़ दयालदास बघेल, पंडरिया भावना बोहरा, कवर्धा विजय शर्मा, खैरागढ़ विक्रांत सिंह, राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, अंतागढ़ विक्रम उसेंडी, कांकेर आसाराम नेता, केशकाल नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव लता उसेंडी, नारायणपुर केदार कश्यप, जगदलपुर किरण देव, चित्रकोट विनायक गोयल, दंतेवाड़ा चैतराम अटामी।

कांग्रेस के विजेता लैलूंगा-विघामति सिदार,सांरगढ़-उत्तरी गणपत जांगड़े,खरसिया-उमेश पटेल,धरमजयगढ़-उमेश पटेल,रामपुरी-फूलसिंह राठिया,कोटा-अटल श्रीवास्तव, भिलाई-सियाराम कौशिक,मस्तूरी-दिलीप लहरिया,अकलतरा-राघवेंद्रकुमार सिंह,सक्ती-चरणदास महंत,चंद्रपुर-रामकुमार यादव, जैर्जपुर-बालेश्वर साहू,पामगढ़-शेषराज हरवंश,सराईपाली-चतुरीनंद,खल्लारी-द्वारिकाधीस यादव,महासमुंद-डॉ रश्मि चंद्राकर,कसडोल-संदीप साहू,बलौदाबाजार-शैलेश नितिन त्रिवेदी,भाटापारा-इंद्रा साव,बिंद्रानवागढ़-जनक ध्रुव,सिहावा-अंबिका मरकाम, धमतरी-ओमकार साहू, संजारी बालोद संगीता सिंह, डोंडीलोहारा अनिला भेड़िया, गुंडरदेही कुंवर सिंह निषाद, पाटन भूपेश बघेल, भिलाईनगर देवेन्द्र यादव, डोंगरगढ़ अर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव दलेश्वर साहू, खुज्जी भोलाराम साहू, मोहला मानपुर इंन्द्रशाह मंडावी, भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी, बस्तर लखेश्वर बघेल, बीजापुर विक्रम मंडावी, कोंटा कवासी लखमा। इसके अलावा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, पाली तानाखार तथा बहुजन समाजपार्टी के श्याम टंडन बिलाईगढ़ से आगे बताए जा रहे हैं।

### टी 20 मैच की तरह रहा अंबिकापुर का चुनाव परिणाम, 94 मतों से चुनाव हार गए टीएस सिंहदेव




अंबिकापुर विधानसभा सीट से 15 साल विधायक रहे प्रदेश में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव कांटे के मुकाबले में 94 मतों से चुनाव हार गए हैं। अंबिकापुर विधानसभा का चुनाव टी 20 मैच की तरह रहा। मतगणना में शुरूआती रुझान में पहले चरण में टीएस सिंहदेव ने 1,142 मतों से बढ़त बनाई थी किंतु इसके बाद लगातार सात चरणों तक उन्हें पीछे रहना पड़ा। सातवें चरण में भाजपा के राजेश अग्रवाल 8,169 मतों से बढ़त ले चुके थे। आठवें चरण से सिंहदेव ने बढ़त को कम करना शुरू किया। इस चरण में भाजपा की बढ़त को कम कर 6434 तक पहुंचाया। नौवें चरण में भाजपा के प्रत्याशी राजेश अग्रवाल को फिर करीब 300 की बढ़त मिली और सिंहदेव 7660 से पीछे हुए।दसवें चरण में कुछ कम हुआ और 7636 का लीड भाजपा का पहुंचा।ग्यारहवें चरण में फिर भाजपा ने बढ़त बनाई और 7822 तक पहुंचा दिया। यह बढ़त तेरहवें चरण में बढ़कर 9127 पहुंच गया।इसके बाद कांग्रेसियों की बेचैनी बढ़ चुकी थी।यह बेचैनी 14 वें चरण कम होती गई। अंतिम 21वें चरण में टीएस सिंहदेव को लगातार बढ़त मिली पर महज 334 मतों से सिंहदेव भाजपा के प्रत्याशी राजेश अग्रवाल से पिछड़ गए।सिंहदेव की हार कांग्रेसियों के गले नहीं उतर रही थी इस कारण विवाद की स्थिति भी बनी।

### खैरागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने फिर लहराया जीत का परचम

हर दौर की मतगणना में उतार-चढ़ाव के बीच अंततः कांग्रेस ने खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल कर ली है। वर्तमान विधायक यशोदा वर्मा ने भाजपा के विक्रांत सिंह को 5421 मतों से हराया। यशोदा को 86996 और विक्रांत को 81525 वोट मिले हैं।

### बुलडोजर पर सवार होकर पार्टी कार्यालय पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़ में भारी जीत की ओर बढ़ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बुलडोजर पर सवार होकर पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत को लेकर पीएम मोदी के नारे लगाए।

### दंतेवाड़ा में भाजपा के चैतराम अटामी जीते

दंतेवाड़ा में भाजपा जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार चैतराम अटामी ने कांग्रेस के छविंद्र कर्मा को 16342 मतों से हराया है। रिपोर्ट के अनुसार चैतराम अटामी ने 56630 वोट हासिल किए हैं। कांग्रेस के छविंद्र कर्मा को कुल वोट 40430 वोट मिले हैं। पोस्टल बैलेट मतों को मिलाकर भाजपा प्रत्याशी चैतराम ने 16342 मतों से जीत प्राप्त की।

## व्हीआईपी सीट में भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी की शानदार जीत




रायगढ़ जिले की व्हीआईपी सीट कहे जाने वाली रायगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने 64443 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को हराकर पूरे जिले में सबसे बडी जीत दर्ज की। वहीं रायगढ़ जिले की खरसिया के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल, धरमजयगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया और लैलूंगा से कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार ने जीत दर्ज की। रायगढ जिले के चार विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने तीन में जीत दर्ज करके कांग्रेस की शाख को बचाया। वहीं ओपी चौधरी ने बड़ी जीत दर्ज करके सभी को चौका दिया है। बड़ी जीत मिलने के बाद ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि रायगढ़ की जनता जनार्दन ने जीतना बड़ा जनादेश दिया आशीर्वाद दिया है वह मेरे लिये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मै जितना भी कुछ कर लूं रायगढ़ की जनता के इस कर्ज को कभी नही चुका सकता है, मै नतमस्तक होकर सभी को प्रणाम करता हूं। प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बड़ा आदमी बनाये जाने के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि मै एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं, पार्टी में और भी बड़े दिग्गत नेता हैं। चुनावी घोषणा पत्र के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के लिये बहुत ही महत्वाकांक्षी घोषणा पत्र स्थानीय स्तर पर मैने रायगढ़ का विकास पत्र जारी किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं। सभी वर्गो के अलावा रायगढ़ को नई उंचाईयां तक पहुंचाने पूरे पांच सालों तक जी तोड़ मेहनत करेंगे और बहुत आगे तक जायेंगे। रायगढ़ जिले की चार विधानसभा सीट में से तीन में भाजपा के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में हम इस पर मंथन करेंगे और बड़े सुधार के साथ पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगे। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पूरे पांच सालों तक छत्तीसगढ़ को लूटती रही, माफिया राज चलाते रहे, गांधी परिवार का एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को रख दिये थे। इसीलिये जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। माफिया राज के सरकार भूपेश बघेल को अपनी सीट बचाने के लिये बड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। मै अपनी इस जीत का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व प्रदेश के बड़े नेताओं सहित समस्त पार्टी कार्यकर्ता और रायगढ़ विधानसभा के तमाम जनता को देना चाहता हूं।

### अहिवारा में भाजपा के डोमनलाल जीते, निर्मल की हार

भिलाई के अहिवारा विधानसभा से भाजपा के डोमनलाल 25073 ने जीत हासिल की। 18वें चक्र में भाजपा के डोमनलाल को 92683 एवं कांग्रेस प्रत्याशी एवं भिलाई चरोदा निगम के महापौर निर्मल को 67690 वोट मिले। वहीं 19वें राउंड में डोमन लाल को 95944 एवं निर्मल कोसरे को 70871 मत मिले।

### पाटन से जीते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में 17वें राउंड में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस को 94,847 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल को विजय को 75304 वोट मिले। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 हजार 543 वोट से जीत गए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 15वें राउंड में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को कुल 63484 एवं भाजपा के ललित चंद्राकर को 78576 वोट मिले। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू 15 हजार 92 वोटों से पीछे हैं। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवेंद्र यादव 1253 वोट से जीत गए।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



संपादकीय

# जंगल सफारी का हिरण बाड़ा पर्यटकों के लिए बंद

## खड़गे क्या यूपी से चुनाव लड़ सकते हैं?

मल्लिकार्जुन खड़गे के जीवन पर आई किताब के विमोचन समारोह के आयोजन के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस उत्तर भारत के किसी राज्य से चुनाव लड़ा सकती है। वे कर्नाटक के रहने वाले हैं। वे नौ बार लगातार कर्नाटक विधानसभा के सदस्य रहे और उसके बाद 2009 और 2014 में गुलबर्गा सीट से लोकसभा का चुनाव भी जीते। वे अपने जीवन में पहली बार 2019 में चुनाव हारे। उसके बाद पार्टी ने उनको राज्यसभा में भेजा। अभी वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं इसलिए वे देश के किसी भी राज्य में जाकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे तो उन पर सवाल नहीं उठेगा। तभी इस बात की चर्चा है कि उनको उत्तर प्रदेश से लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि अगर बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस की बात नहीं बनती है तो खड़गे को उत्तर प्रदेश में प्रत्याशी बनाया जा सकता है। उनके लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बहराइच और बाराबंकी में से किसी सीट से उनको लड़ाने पर विचार हो रहा है। इससे कांग्रेस को उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत में दलित वोट में मैसेज बनाने में कामयाबी मिली। यह मैसेज बनेगा कि कांग्रेस दलित प्रधानमंत्री बना सकती है। हालांकि कर्नाटक के कई नेता इसके पक्ष में नहीं बताए जा रहे हैं क्योंकि उनको लग रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपने गृह राज्य से लड़ाना चाहिए क्योंकि उससे पार्टी को फायदा होगा। तभी संभव है कि वे कर्नाटक और उत्तर प्रदेश दोनों जगह से चुनाव लड़ें।

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जंगल सफारी में पांच दिनों में 17 हिरणों (चौसिंगा) की मौत होने से हड़कंप मचा हुआ है। अब प्रबंधन ने संक्रमण के डर से पर्यटकों के लिए हिरण बाड़े को बंद कर दिया है, जबकि पर्यटक जू और सफारी के अन्य बाड़ों में घूम सकते हैं।
मरने वाले हिरणों की उम्र तीन माह से तीन वर्ष थी। दूसरी ओर अभी तक पता नहीं चल पाया है कि हिरणों की मौत किस वजह से हुई है।
जंगल सफारी के सह संचालक वायके डहरिया ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि सफारी के सभी वन्यप्राणियों की जांच हो रही है। ऐहतियात के तौर पर हिरण बाड़े को ग्रीन नेट से घेराबंदी कर दिया गया, ताकि अन्य वन्यप्राणी बैक्टीरिया की चपेट में आने से बच सके। हालांकि मौत की वजह जानने के लिए हिरणों का बिसरा और खून जांच के लिए सैंपल आइवीआरआइ बरेली (उप्र) और देहरादून और अंजोरा (दुर्ग) के लैब भेजा है, लेकिन तीनों लैब से अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिर इन हिरणों की मौत कैसी




हुई है, जबकि वन अधिकारियों का कहना है कि हिरणों की मौत संक्रमण फैलने से हुई है।

रिपोर्ट का इंतजार है। उसके आने के बाद ही पुष्टि हो पाएगी, हिरणों की मौत किस कारण से हुई है।
उल्लेखनीय है कि चौसिंगा की मौत मामले में शुक्रवार को चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल जंगल सफारी पहुंचे। उन्होंने सफारी प्रबंधन से चौसिंगा की मौत की वजह जानने के अलावा अब तक की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उनके मुताबिक शाकाहारी वन्यजीवों के बाड़े में घास की ज्यादा पैदावार करने के लिए हाल-फिलहाल में वहां पर नई मिट्टी डाली गई थी। आशंका है कि उस नई मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया से चौसिंगा की मौत हुई होगी। हिरणों की मौत होने के बाद हरकत में आए जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा प्रदेश के अलग-अलग जगहों से डाक्टर बुलाकर सभी वन्यप्राणियों की स्वास्थ्य की जांच करवाई जा रही है। डाक्टरों की टीम दुर्ग, मरवाही समेत अन्य जगहों से 10 से अधिक संख्या में जंगल सफारी में ही है। इसके अलावा अन्य प्रांत से एक्सपर्ट बुलाने की तैयारी में भी है।

# यूपी के दो बदमाश देने जा रहे थे रायपुर में बड़ी वारदात को अंजाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में उत्तरप्रदेश के दो गैंगस्टर गिरफ्तार किये गए हैं, इनके बारे में आशंका थी कि, ये छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जाकर कोई बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आरोपियों के पास से देशी कट्टा समेत कारतूस भी बरामद किया गया है।
गौरेला पुलिस और आबकारी विभाग ने पीपरखूंटी में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाकर जब उसकी तलाशी ली तो इनमें से दो लोगों के पास एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस सहित एक वॉकी टॉकी का भी सेट मिला। जिस पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ में इन्होंने बताया कि रायपुर कट्टा और




कारतूस को बेचने जा रहे थे हालांकि पुलिस इस बयान पर यकीन नहीं करते हुए आगे तफ्तीश शुरू कर दी है।
जिले के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि, दोनो आरोपियों में से एक उत्तरप्रदेश के कौशांबी का रहने वाला संतोष मिश्रा और दूसरा प्रयागराज का रहने वाला राजेश अग्रवाल है, जो कि रायपुर जाकर किसी वारदात को अंजाम देने की फ़िराक में थे। जिस बाइक में आरोपी जा रहे थे वह बाइक भी चोरी की निकली है, जिसे उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चोरी किया गया था। वहीं वॉकी-टॉकी की रेंज ढाई किलोमीटर आपस में संपर्क करने वाली थी। पुलिस दोनों आरोपियों के बारे में उत्तरप्रदेश की पुलिस के संपर्क कर और भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। आरोपियों के ऊपर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज थाने में दो मामले दर्ज होने की बात शुरुआती तफ्तीश में सामने आयी है। फिलहाल दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।




## अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**पिथौरा।** पिथौरा थाना क्षेत्र केद्द ग्राम लक्ष्मीपुर में पुलिस ने अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले को गिरफ्तार किया है. 2 दिसम्बर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम लक्ष्मीपुर में एक व्यक्ति अपने घर के परछी में लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर भुरऊ पटेल पिता चैतराम पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से 03 नग खाली प्लास्टिक पाऊच, 02 नग डिस्पोजल गिलास जिसमें देशी महुआ शराब की गंध आ रही है को जप्त किया गया. आरोपी का कृत्य अपराध धारा 36(ष्ट) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया.



12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

'सत्ता की चाटुकारिता नहीं जनपक्षीय पत्रकारिता'



आमजन, गरीब-मजलूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं

2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध- सम्पादक- भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क- 07828866957, 09303890212

## सार-समाचार

### हाथियों के डर से आठ घंटे जंगल के बीच झाड़ियों में दुबका रहा ग्रामीण, वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के ग्राम गुरसियां में धान मिसाई कर शाम छह बजे घर वापस लौट चार ग्रामीणों का सामना 18 हाथियों के साथ हो गया। चारों डर के मारे भागने लगे। तीन ग्रामीण घर वापस लौट गए लेकिन एक ने जंगल के बीच झाड़ियों में शरण ले ली। आठ घंटे तक वह झाड़ियों में दुबका रहा। हाथियों को जगह से खदेड़ने के बाद वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर ग्रामीण को बाहर निकाला। जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेतों में धान कटाई के बाद खलिहानों में रखे धान के आसपास मंडराने लगे है। गुरसियां निवासी प्यारे सिंह ने धान मिसाई के लिए करमन सिंह बांधापारा, राजकुमार गुरसियां, चंद्रभान और सरमिहा बिंझावार सेंद्रीमुड़ा को अपने घर बुलाया था। सुबह से शाम तक धान मिसाई का चलता रहा। काम पूरा होने के बाद चारों मजदूर घर वापस लौट रहे थे। वे सभी उमेंद सिंह के खेत के पास पहंचे ही थे कि 18 हाथी सामने से आते दिखाई दिए। हाथियों के दल को अचानक सामने पाकर चारों सिर पर पांव रखकर भागने लगे। करमन,राजकुमार व चंद्रभान ग्राम सेंद्रीमुड़ा की ओर भागे। वहीं सरमिहा बिंझवार 65 वर्ष जंगल की ओर भागा और झाड़ियों के बीच दुबक गया। देर रात तक सरमिहा के वापस नहीं लौटने पर उसके घर में कोहराम मच गया। लोगों को शंका होने लगी कि कहीं सरमिहा हाथी के चुंगल में तो नहीं फंस गया। मामले की सूचना ग्रामीणों ने वनपाल गुरबारी बाई को दी। उन्होंने इसकी सूचना अपने साथी वन कर्मियों को दी। टीम के साथ पहुंचे वन कर्मियों ने पहले हाथियों दूसरी ओर खदेड़ा। कर्मियों ने सरमिहा के नाम से आवाज देना शुरू किया। उधर सरमिहा ने भी खुद को झाड़ी में छपे होने की सूचना दी। देर रात तक झाड़ी में छुपे सरमिहा का स्वास्थ्य ठंड की वजह से बिगड़ गई थी। वह चलने में असमर्थ था। वन कर्मियों उसे कांधे पर उठाकर वापस बस्ती लाए और स्थानीय अस्पताल में इजाज कराया। तब कहीं लोगों ने राहत की सांस ली।

### पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर मचाया उत्पात, फेंके पर्चे और लगाया बैनर

**नारायणपुर।** पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन नारायणपुर ओरछा मार्ग नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर रखकर और पर्चे फेकफर जमकर मचाया उत्पात. हालांकि सुरक्षा बल के जवानों ने पत्थर हटाकर मार्ग बहाल किया. नक्सल दहशत के चलते आज ओरछा जाने वाली बसें बंद रहेगी. बीते दिनों आईईडी ब्लास्ट में दो मजदूरों की मौत का जिम्मेदार माइनिंग कंपनी के ठेकेदार एचएन झा को बताते हुए नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है. यह मामला छोटेडोंगर थाना इलाके का है. बता दें कि नक्सलियों ने 2 से 8 दिसम्बर तक PLGA सप्ताह बनाने का ऐलान किया है. इसको लेकर नक्सलियों ने ग्रामीणों से पीएलजीए सप्ताह मनाने की अपील भी की है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम नकटा स्थित पटवारी कार्यालय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोमल पटेल 19 वर्ष ग्राम नकटा का रहने वाला था। बबताया जाता है कि वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी पटवारी कार्यालय के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे कोमल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हसिया से हमला

**रायपुर।** गाम चरोदा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनंजय मानिकपुरी 20 वर्ष ग्राम चरौदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी हेमंत सागवंशी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर हसिया से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार चालक से मारपीट

**रायपुर।** निरंकारी फ्लीचर के पास बाइक सवार दो युवकों ने कार चालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदकुमार टंडन 33 वर्ष काली मंदिर के पास पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी कार से कहीं जा रहा था, तभी निरंकारी फ्लीचर के पास बाइक सवार अज्ञात दो युवक रॉंग साइड से आ रहे थे। जिसे प्रार्थी ने ठीक से वाहन चलाने को कहा, तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कापू से ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मामला आया सामने

## नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने महानगर लेकर जा रहे 3 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों को अपहरण व मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**जशपुर।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व पर कापू और धरमजयगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मानव तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए 4 नाबालिग लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराकर उनके परिवारजन को सौंपा गया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों को अपहरण और मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।




विदित हो कि जिले के धरमजयगढ़ और लैलूंगा तहसील के कुछ गांव से युवक युवतियों एवं नाबालिकों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने के बहाने प्लेसमेंट एजेंसियो के हवाले किये जाने की घटनाएं पूर्व में आती रही है जिन पर प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यवाही से इन घटनाओं पर अंकुश लगाया गया जिसमें पुलिस के आपरेशन मुस्कान की अहम योगदान रहा है। साथ ही पुलिस समय-समय पर गांव-गांव में जन चैपाल एवं चलित थाना जैसे कार्यक्रम कर ग्रामीणों को जागरुक कर रही है कि ऐसे प्रलोभन में ना आये और ऐसी कोई भी सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दिया जावे। इसी क्रम में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को गत दिनों ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम पारेमेर का पुनाराम यादव, दुर्जन यादव और पुनाराम का लड़का खीरो सागर कुछ गांव में लड़के-लड़कियों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने को लेकर चर्चा किया गया है।

थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को उनके झांसे में ना आकर पुनाराम और उनके साथियों पर निगाह रखने कहते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी से अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को अनुविभाग के थानों की टीम बनाकर संदेहियों को तत्काल हिरासत में लेकर विधि अनुरूप कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी बीच 30 नवंबर के सुबह थाना प्रभारी कापू को पुनाराम यादव और उसके साथियों द्वारा क्षेत्र की 4 नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर लाकर गांव से ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों पर अपहरण एवं मानव तस्करी की धाराओं के तहत अपराध कायम कर तत्काल थाना प्रभारी कापू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अंतराल के थाने धरमजयगढ़, पत्थलगांव, घरघोड़ा, छाल, लैलूंगा, चैकी रैरूमाखुर्द को नाबालिक लड़कियों एवं संदेहियों की जानकारी देकर पतासाजी हेतु कहा गया।

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा अपने थाने की टीम के साथ तत्काल धरमजयगढ़ बस स्टैंड पहुंचे । जहां 3 व्यक्तियों के साथ 4 नाबालिक लड़कियां बस का इंतजार करते मिली जिन पर संदेह होने से थाना प्रभारियों द्वारा तीनों व्यक्तियों से पूछताछ किया गया जिनका जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर महिला कांस्टेबल द्वारा लड़कियों को अपने विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर लड़कियों ने बताया कि वे तीन व्यक्ति उन्हें काम दिलाने के लिए बस से रायगढ़ और रायगढ़ से दूसरे शहर लेकर जा रहे हैं । थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा थाना प्रभारी कापू को संदेहियों को हिरासत में लिये जाने की जानकारी साझा करने पर थाना प्रभारी कापू द्वारा गवाहों एवं बालिकों के परिजनों के समक्ष बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच किया जिसमें सभी लड़कियां नाबालिक पाई गई जिन्हें उनके परिजनों की सहमति के बिना आरोपियों द्वारा बहला-फुसलाकर अन्यत्र स्थान ले जाना पाया गया। थाना प्रभारी कापू द्वारा अपहरण एवं मानव तस्करी के अपराध में तीनों आरोपी दुर्जन यादव पिता भुवन यादव उम्र 40 साल, खीरोसागर यादव पिता पुनाराम यादव उम्र 25 साल , पुनाराम यादव पिता स्वर्गीय मुनू राम यादव 50 साल सभी निवासी पारेमेर थाना कापू जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# राजभवन में मनाया गया असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस

## संस्कृति एवं परंपराओं में विविधता होते हुए भी हम एक हैः श्री हरिचंदन




**रायपुर।** राजभवन में आज असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपरा है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश दे रहे है।

केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को रेखांकित किया। असम अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रहपुत्र नदी, विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या देवी मंदिर, कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विविध संस्कृतियों का मिलन स्थल है। इसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है।

श्री हरिचंदन ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसे नागालैंड को पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियों से भरे इस राज्य में जीवन का जश्न मनाने का मन करता है। नागालैंड कई जनजातियों का राज्य है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। नागा लोगों की ताकत और दृढ़ संकल्प उनकी एकता और सरलता में देखी जा सकती है।

श्री हरिचंदन ने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते है। इस स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है।

कार्यक्रम में असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में श्री रफिकुल मंडल और नागालैंड की प्रतिनिधि श्रीमती रंजना दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम के बिहु नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने की। सीआरपीएफके असमिया जवानों ने बिहु नृत्य कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राज गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को शाल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजभवन के उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो, दोनों राज्यों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने हासिल की जीत

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी अब ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुए योग्य बिलासपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में आयोजित 22वीं राज्य सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने जीत हासिल की। पुरुष एकल का फइनल रायपुर के रौनक चैहान और कोरबा के हर्षित ठाकुर के बीच खेला गया। हर्षित विजेता बने। हर्षित ने बैडमिंटन की दुनिया में एक असाधारण रास्ता बनाया है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी कहानी लचीलेपन और दृढ़ संकल्प की है, जो हमें बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। हर्षित ठाकुर को एनटीपीसी कोरबा की नैगम सामाजिक दाइत्व के अंतर्गत (सीएसआर) प्रशिक्षित किया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित हर्षित ठाकुर ने हाल ही में 24 से 29 नवंबर 2023 तक चंडीगढ़ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। हर्षित ठाकुर ने कहा, ष्मैं और मेरी टीम अब जनवरी 2024 में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई हो गए हैं ए उन्होंने कहा, ष्मैं एनटीपीसी कोरबा द्वारा दिए गए समर्थन के लिए वास्तव में आभारी और आभारी हूं।

# फिर बढ़ी रेल यात्रियों की मुश्किलें, रायपुर से गुजरने वाली पांच और ट्रेनें रद्द

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ट्रेनें रद्द होने का सिलसिला लगातार जारी है। रेलवे आए दिन किसी न किसी बहाने यात्री गाड़ियो को रद्द कर रही है। इसी बीच यात्रियों की मुश्किलें खड़ी करने के लिए रेलवे ने एक बार फिर पांच और ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कल जहां रेलवे ने 48 ट्रेनों को रद्द किया था वहीं, आज फिर पांच और ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, भोपाल-इटारसी रेल खंड पर तीसरी रेल लाइन का काम चल रहा है, जिसके चलते ये ट्रेनें रद्द हुई हैं। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है । जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी 7 जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।




## रद्द होने वाली गाडियां

1. दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2023 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
2. दिनांक 08 एवं 09 दिसम्बर 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़- निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
3. दिनांक 06, 07 एवं 08 दिसम्बर 2023 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
4. दिनांक 08, 09 एवं 10 दिसम्बर 2023 को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर- बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
5. दिनांक 06 से 08 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

## नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल, बाल-बाल बचा पत्रकार

**दंतेवाड़ा।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है. आज से नक्सली पीएलजीए सप्ताह बना रहे हैं. इसको लेकर जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए हैं. वहीं सर्चिंग अभियान पर निकले जवान नक्सलियों के बैनर-पोस्टर हटा रहे थे. इस दौरान अचानक आईईडी ब्लास्ट हुआ. इसकी चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल साथियों ने अस्पताल पहुंचाया है. यह मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, बारसूर पल्ली मार्ग के सातधार 195 बटालियन के जवान ब्रिज के पास लगे बैनर पोस्टर को निकाल रहे थे तभी आईईडी ब्लास्ट हुआ. आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए हैं. वहीं विस्फोट में सीआरपीएफ के जवान और राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल के संवाददाता रिकेश्वर राना बाल-बाल बचे. फिलहाल विस्फोट में घायल दोनों जवान खतरे से बाहर हैं.

## स्कूल से घर जा रही छात्रा से हैवानियत, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**बलरामपुर।** जिले में स्कूली बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है. स्कूल से घर जा रही छात्रा से आरोपी ने दुष्कर्म किया था. मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रघुनाथनगर थाना क्षेत्र का है. मामले में वाड्रफनगर एसडीओपी रामवतार ध्रुव ने खुलासा करते हुए बताया कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में थाने को कल शाम शिकायत मिली थी कि स्कूल से घर आ रही तीन नाबालिग बच्चियों का एक युवक रास्ता रोक लिया और एक मासूम को पकड़ लिया. वहीं अन्य बच्चियों को वहां से भगा दिया. उसके बाद आरोपी पास के अरहर की खड़ी फसल की आड़ में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. घटना की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपी की पतासाजी की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेस कर जेल भेज दिया है.

# जल विद्युत प्लांट में घुसे दो जंगली सूअर

**कोरबा, ।** बांगो परियोजना माचाडोली जल विद्युत प्लांट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों में सुबह तब हड़कंप मच गया जब दो जंगली सूअर भटक कर परिसर में घुस गए। बाहर निकलने का मार्ग नहीं पाने के कारण दोनों वन्य जीव इधर उधर भागने लगे। इसकी सूचना वन अमले को दी गई। विभागीय टीम ने रेस्क्यू कर सूअरों को जंगल की ओर खदेड़ा।



वन्य जीवों के जंगल में भटककर रहवासी क्षेत्र में आने की घटना आए दिन घटित होते रहती है। इस कड़ी में में कटघोरा वन मंडल के एतमानगर रेंज के ग्राम माचाडोली विद्युत प्लांट में दो जंगली सूअर घुस गए। दरअसल प्लांट का परिसर सघन पेड़ों से भरा पड़ा है। आसपास गांवों के लोगों ने मूंगफली और शकरकंद की खेती की हैं। जमीन के भीतर लगे फसल को चट करने में सूअर माहिर होते हैं। माना जा रहा है कि रात के समय भूख मिटाने के लिए खेत पहुंचे थे और वापसी के समय भटक कर प्लांट के भीतर चले गए। प्लांट के अंदर सूअर आने की जानकारी के बाद भय के कारण सभी सुरक्षा कर्मी कमरों में छुप गए। घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ कुमार निशांत ने वन कर्मियों को माचाडोली प्लांट भेजा। कर्मियों ने रेस्क्यू कर दोनों सूअरों को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ा, तब कहीं जाकर सुरक्षा कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# लापता किशोर की मिली सड़ी-गली लाश,मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** कटघोरा थानाक्षेत्र के कुटेशरनगोई गांव से पिछले दिनों लापता एक किशोर की लाश मिली है। मृतक की मौत जंगल में जानवर पकडने के लिए लगाये गये करंट से हुई थी किंतु उसके साथ गये दोस्तों ने इसकी सूचना उसके घरवालों के देने की बजाय उसके शव को छिपा दिया था। जिसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक के दोस्तों को पकड़ा और पुछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

बता दें कि दिनांक 2.12.2023 को मृतक परमेश्वर यादव उम्र 17 साल 07 माह के लापता होने की शिकायत उसके बड़े भाई ने कटघोरा थाने में दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 27.11.2023 के शाम 5:30 बजे उसका भाई परमेश्वर यादव अपने दोस्तो के साथ कार्तिक पूर्णिमा मनाने गया था उसके बाद शाम 7 बजे घर वापस आया था कुछ देर बाद शाम 7: 30 बजे घर से बाहर घुमने निकला था, जो घर वापस नही आया। मामले में प्रार्थी ने शंका जताई थी कि उसके भाई परमेश्वर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान धारा 363 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मामले मे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना कटघोरा पुलिस द्वारा एक संदेही भवन सिह कंवर को पूछताछ किया गया जो घटना दिनांक को भवन सिह कंवर, गोपाल सिह कंवर, फूलसाय धनुहार प्रार्थी के नाबालिक भाई परमेश्वर को मानगुरू पहाड झोका नाला तरफजंगली सुअर होने एवं फसल देखने जाना है कहकर ले गये जो रात्रि 09:30 बजे करीब झोका तालाब के पास पगडडी रास्ते में कोई अज्ञात व्यक्ति सेंट्रिग खुला तार में बिजली करेंट लगने से भुवन सिह करेंट के चपेट में आने से वहीं गिर गया जो लगभग 2 घंटा बाद होश आने पर घर आया तथा गोपाल व फूलसाय वहां से भाग गये तथा दो दिन बाद तक परमेश्वर का कोई पता नही चला कहकर बताया तथा घटना दिनांक को गवाह शिशुपाल सिह धनुहार, संतोष कुमार कंवर के द्वारा गांव का कन्हैया, राम यादव लक्ष्मी नारायण पोर्ते के द्वारा जंगली सुअर मारने के लिए सेटिंग तार बिछाने के लिए मना किया गया था, बताने पर संदेही लक्ष्मीनारायण पोर्ते पिता भरत लाल पोर्ते तथा अंजय यादव को तलब कर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उन्होंने बताया कि घटना दिनांक को लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया यादव, पंचराम बिरहोर, अंजय यादव, इन्द्रकुमार नेटी, दशरथ यादव लोग मिलकर जंगली सुअर फंसाने के लिए अवैध रूप से सेंट्रिंग तार बिछा कर तार में बिजली करेंट सप्लाई किया गया था। जिसकी चपेट में आकर परमेशवर यादव की करेंट लगने से मृत्यु हो गई थी और उन्होंने उसके शव को मानगुरू पहाड़ उपर छिपा दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के बयान के आधार पर उनकी निशानदेही पर मानगरू पहाड़ से मृतक का शव को बरामद किया तथा पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक का शव 6-7 दिन पुराना होने से सड़-गल गया था। प्रकरण में आरोपी लक्ष्मीनारायण पोर्ते के बताये अनुसार कन्हैया राम यादव, अंजय यादव, इन्द्र कुमार नेटी, पंचराम बिरहोर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें उन्होंने जुर्म स्वीकर किया तथा उनके बयान के आधार पर आरोपी लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया राम यादव, पंचराम बिरहोर से घटना में प्रयुक्त सेटिंग तार को जप्त किया गया है, तथा आरोपीगण लक्ष्मीनारायण पोर्ते, कन्हैया राम यादव, अंजय यादव, इंन्द्र कुमार नेटी, पंचराम बिरहोर के विरूद्ध धारा 304,201,34 भादवि एवं 135 विद्युत अधिनियम का पाये जाने एवं आरोपी भवन सिह कंवर, गोपाल सिह, फुलसाय के द्वारा मृतक परमेश्वर यादव के करेंट लगने की सूचना उनके परिजनो को नही देने पर उनके विरूद्ध धारा 363,201,34 भादवि का अपराध दर्ज कर रविवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण का एक आरोपी दशरथ यादव फरार है जिसकी तलाश की जा रही हैं।



# मानिकपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर चोर को किया गिरफ्तार, 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और 1 मोटर साईकल जप्त

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री रूपक शर्मा के मार्गदर्शन व चैकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस द्वारा दिनांक 01ध्12ध्2023 को चोरी किये गए 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और 1 नग मोटर साइकिल को जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 01.12.2023 को सुचना प्राप्त हुई कि भदरापारा बालको निवासी भूपेश साहू उर्फराहुल साहू चोरी के साइकिल और मोटर साइकिल को बेचने के लिए मानिकपुर क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहा है। उक्त सूचना पर आरोपी भूपेश साहू को रेलवे कॉलोनी में घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये जगहों से 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और एक मोटरसाइकिल भ्थ् डीलक्स क्र ब्ळ 12 ।भ् 4103 को बरामद कर 41(1)(4)ध्379 द प्र स के तहत कार्यवाही कि गई है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547